पटना में 1.20 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा

दो गिरफ्तार, 38 एटीएम कार्ड और 9 मोबाइल बरामद

(निज प्रतिनिधि)

पटना। साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1.20 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का खुलासा किया है। इस मामले में पटना और रोहतास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से 38 एटीएम कार्ड, 9 मोबाइल फोन, 8 सिम कार्ड, 19 बैंक पासबुक और क्यूआर स्कैनर समेत कई सामान बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, तकनीकी और वित्तीय साक्ष्यों के आधार पर रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के खेमनीचक स्थित आदर्श कॉलोनी की गली नंबर–3 में एक किराये के मकान में छापेमारी की गई। यहां से शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र के सनैया गांव निवासी 24 वर्षीय बब्लू कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, मोबाइल फोन और



क्यूआर स्कैनर बरामद किया गया। इस संबंध में साइबर थाना, पटना में कांड संख्या 1451/2026 दर्ज किया गया। बब्लू कुमार से पूछताछ और उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र के अवधूत नगर में छापेमारी की। यहां से अंशु कुमारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से भी साइबर ठगी में इस्तेमाल किए गए बैंक खाते और एटीएमकार्ड से जुड़े सामान बरामद किए हैं।पुलिस के मुताबिक, जब्त बैंक खातों के तकनीकी विश्लेषण में करीब 1.20 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड का पता चला है। इन बैंक खातों के खिलाफ अलग–अलग जगहों से करीब 50 साइबर शिकायतें दर्ज हैं। इन साइबर अपराधियो के पास जो बरामदगी हुई है उनमे क्यूआ स्कैनर–1, मोबाइल फोन– 9, सिम कार्ड– 8, एटीएम कार्ड– 38, बैंक पासबुक–19, संदिग्ध मुहर–1और नगद 76 हजार रूपये शामिल है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर साइबर ठगी के नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

स्कूलों में एआई के उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल के बाद राज्य के सरकारी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में एआई के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव सीके अनिल के निर्देश पर सभी डीईओ को पत्र जारी किया गया। इसमें विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को एआई के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि आज पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इससे समय की बचत होती है और कामकाज आसान बनता है। साथ ही, तकनीकी प्रगति और कार्यक्षमता को भी बढ़ावा मिलता है। जिला स्तर पर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की निगरानी एवं समीक्षा में भी एआई उपयोगी साबित हो सकता है। इसके लिए चैटजीपीटी और क्लाउड जैसे एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया जा सकता है। शिक्षा मंत्री श्री तिवारी मानते हैं कि एआई के इस्तेमाल से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों को अधिक सरल, सुगम और प्रभावी बनाया जा सकेगा। इसी उद्देश्य से सभी जिलों को इसके उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने को कहा गया है।

बोरिंग रोड चौराहे पर डिजिटल स्क्रीन में लगी आग

(निज प्रतिनिधि)

पटना। पटना के अति व्यस्तम और प्रमुख इलाके बोरिंग रोड चौराहे पर शुक्रवार को उस समय अचानक अफरा–तफरी मच गई, जब नगर निगम के विज्ञापन के लिए लगाए गए एक बड़े खंभे पर स्थित डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन में अचानक आग लग गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई, जिसके बाद स्क्रीन से धुएं का घना गुबार उठने लगा और देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें निकलने लगीं।

इधर स्क्रीन मे लगी आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। आग की भयावहता और व्यस्त इलाका होने के कारण स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाने के लिए दमकल विभाग की चार से पांच गाड़ियों को युद्ध स्तर पर लगाया गया।

दमकल कर्मियों ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला और आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

मौके पर पहुंचे अग्निशमन फायर फाइटर्स ने सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए सबसे पहले आसपास के बिजली के तारों और कनेक्शन को कटवाया, ताकि किसी प्रकार के बड़े विद्युत हादसे से बचा जा सके।

इसके बाद वाटर कैनन का इस्तेमाल करते हुए पानी की तेज बौछारें छोड़ी गईं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

पटना का सबसे प्रमुख और भीड़भाड़ वाले चौराहे पर हुई इस अचानक घटना से सड़क पर आने–जाने वाले वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों व राहगीरों में कुछ समय के लिए भारी दहशत का माहौल बन गया।

लोग आग की लपटों को देखकर सहम गए, हालांकि समय रहते दमकल कर्मियों के मुस्तैद हो जाने से आग आसपास की अन्य दुकानों या टावर तक नहीं फैली और एक बड़ा हादसा टल गया। इस दुर्घटना में सबसे बडी बात यह थी कि किसी भी प्रकार के जान–माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

वहीं इस घटना के बाद प्रशासन अब यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

सूबे के स्कूलों में एक से मध्याह्न भोजन नहीं होगा बंद

छह माह के बकायों का भुगतान प्रारंभ रसोइयों को तीन माह का मानदेय

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में मध्याह्न भोजन योजना मद की छह माह की बकाया राशि का भुगतान शुरू हो गया है। अधिकांश जिलों को राशि चली गयी है। बाकी जिलों को भी एक सप्ताह में भुगतान हो जायेगा। इसके साथ ही रसोइयों का तीन माह का मानदेय उनके खाते में भेज दिया गया है। पटना, नालंदा एवं नवादा सहित कतिपय जिलों में जहां भुगतान शेष है, वहां भी शीघ्र भुगतान करने की प्रक्रिया चल रही है।

यह जानकारी मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक विनायक मिश्रा ने बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (जयराम शर्मा गुट) के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता में दी। इसके मद्देनजर संगठन ने प्रारंभिक विद्यालयों में एक नवंबर से मध्याह्न भोजन बंद करने का फैसला वापस ले लिया है। वार्ता में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जयराम शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश कुमार यादव, प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव आनंद मिश्रा सहित गोविंदा कुमार एवं अनवारुल होदा शामिल थे। वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। वेंडर भुगतान हेतु जीएसटी बिल की अनिवार्यता से उत्पन्न व्यवहारिक कठिनाई पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस पर निदेशक ने स्पष्ट किया कि जिन ग्रामीण वेंडरों का वार्षिक टर्नओवर 40 लाख रुपये से कम है, उनका भुगतान जीएसटी बिल के बिना किया जायेगा। इस संबंध में शीघ्र विभागीय पत्र जारी किया जायेगा।निदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित सभी समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इसके मद्देनजर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जयराम शर्मा ने एक नवंबर से पूरे बिहार में मध्याह्न भोजन योजना बंद करने की अपनी पूर्व घोषणा को वापस लेने का निर्णय लिया है।संघ ने विभाग से अपेक्षा की है कि वह इसी तत्परता को बनाये रखते हुए सभी बकाया राशियों का ससमय भुगतान सुनिश्चित करेगा।

मरीन ड्राइव पर भीषण हादसा, बाल-बाल बचे भोजपुरी गायक सौरव सिंह

कार के उड़े परखचे

(निज प्रतिनिधि)

पटना। पटना के मरीन ड्राइव पर देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में भोजपुरी गायक सौरव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पीएमसीएच के सामने हुआ। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार का अचानक पहिया फट गया। इससे ड्राइवर गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौरव फट गया। इससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और हादसा होया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।

आसपास से गुजर रहे लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। हादसे के बाद भोजपुरी गायक कार के अंदर फंस गए थे। आसपास मौजूद लोगों ने उनकी मदद की। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने उन्हें कार से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि उनके सिर और शरीर के दूसरे हिस्सों में चोटें आई हैं। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। सौरव सिंह भोजपुरी संगीत जगत के जाने–माने गायक हैं. सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी लोकप्रियता है।

सीके अनिल ने संभाली शिक्षा विभाग के एसीएस की कुर्सी

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। भारतीय प्रशासनिक सेवा वरिष्ठ अधिकारी सीके अनिल ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव की कुर्सी संभाली।



शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव के पद पर राज्य सरकार ने उन्हें गुरुवार को स्थानांतरित करते हुए पदस्थापित किया है।

विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति का कानून बदलेगा

लोक भवन ने बनायी उच्चस्तरीय कमेटी शैक्षणिक जगत से मांगे गये सुझाव

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के पारंपरिक विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से बिहार लोक भवन द्वारा एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए वर्तमान व्यवस्था तथा इस संबंध में अधिसूचित परिनियमों की विस्तृत समीक्षा करेगी और आवश्यक सुधारों के संबंध में अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करेंगी।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि समिति द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार–विमर्श किया जाएगा। इस क्रम में राज्य के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, शैक्षणिक विशेषज्ञों, विभिन्न संगठनों एवं आम नागरिकों से भी सुझाव एवं अभिमत आमंत्रित किए गए हैं। श्री सिंह ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं, यथा– चयन प्रक्रिया, आयु–सीमा, शैक्षणिक मूल्यांकन एवं अन्य संबंधित विषयों पर अपने सुझाव एवं अभिमत बिहार लोक भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तिथि के उपरांत केवल निर्धारित ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्राप्त सुझावों एवं अभिमतों को ही समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जायेगा तथा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त सुझावों पर विचार नहीं किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव श्री सिंह ने राज्य के सभी संबंधित हितधारकों, शिक्षाविदों, युवाओं एवं आम नागरिकों से इस परामर्श प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने तथा अपने सुझाव एवं अभिमत प्रस्तुत करने की अपील की है, ताकि राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं अकादमिक उत्कृष्टता के अनुरूप बनाने हेतु आवश्यक सुधार किये जा सकें।

पैक्स अध्यक्ष हत्याकांड का वांछित आरोपित प्रिंस कुमार गिरफ्तार

पटना (निप्र)। मनेर में पैक्स अध्यक्ष संजीत कुमार की हत्या और पिंटू कुमार को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ की विशेष टीम और पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हत्याकांड के वांछित अभियुक्त प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 28 अक्टूबर 2026 की रात एसटीएफ और पटना जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार प्रिंस कुमार मनेर थाना क्षेत्र के ब्यापुर गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम अजय राय बताया गया है।

गौरतलब है कि 18 अक्टूबर 2026 को पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र में पैक्स अध्यक्ष संजीत कुमार की हत्या कर दी गई थी, जबकि अपराधियों ने पिंटू कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में मनेर थाना कांड संख्या 1042/26, दिनांक 19 अक्टूबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान इस कांड में संलिप्तता सामने आने के बाद पुलिस ने प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया। एसटीएफ की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मनेर थाने में हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट समेत कुल दो मामले दर्ज हैं। एसटीएफ और पटना जिला पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई को मनेर हत्याकांड की जांच में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

बिहार सरकार

समाहरणालय, सहरसा

(जिला भू–अर्जन कार्यालय)

Format-II

Notice under section 22(1) of Act 30/2013

Name of Project :- सहरसा जिला अंतर्गत खचुरदेवा चौक से डेगराही घाट तक कोसी नदी पर उच्च–स्तरीय आर0सी0सी0 पुल एवं पहुंच पथ निर्माण हेतु भू–अर्जन।

L.A Case No.:-02 / 2025–26

Notice is hereby given that 20-251309acres more or less of land situated in or near the Village of KhochardevaThana no-252, Anchal-Salkhua, District-Saharsa bounded as below, and recently marked out and measured are about to be taken by the government For construction of high level RCC bridge and approach road on Kosi river from Khachurdeva Chowk to Degrahi Ghat under Saharsa district under Act 30 of 2013 in accordance with Declaration No-866, Dated-21-07-2026published in District Gazette of the district saharsa. All persons interest in this land are hereby called upon to appear. Personally or by authorised agent on dated -26-11-2026 at the office of the District Land acquisition Officer Saharsa at 11:00 A.M to State the name of every other person possessing any interest in land or any part thereof as co-proprietor, sub-proprietor, mortgagee, tenant or otherwise.

क्र० सं०	खाता सं०	सर्वे भू–खण्ड सं०	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भू–खण्ड सं०)	
1	2	3	4	5	6	7	8	
1	429	719 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.988420	भारत सरकार	उ0–अर्जित खे0–750 द0–सीमा चानन	पू0–नया खे0–731 ई0 प0–नया खे0–717 ई0
2	429	750 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	3.578080	भारत सरकार	उ0–अर्जित खे0–980 द0–अर्जित खे0–719	पू0–नीज खे0 शेष प0–नीज खे0 शेष
3	197	953 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.05535	बिन्देश्वरी भगत पिता– सरबन भगत वो राजी भगत वो भैया भगत पिता– सियाराम सुन्दर भगत वो हकिमचन्द वो राजाचन्द पिता–नुनुलाल भगत सा0–खचुरदेवा; कमलेश्वरी शर्मा पिता–नुनु शर्मा	उ0–अर्जित खे0–962 वो 954, द0–नीज खे0 953	पू0–नीज खे0 953 प0–अर्जित खे0–963
4	35	954 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.27182	बहादुर पंडित पिता– दाहो पंडित,	उ0–अर्जित खे0–961 वो 953, द0–अर्जित खे0–953,	पू0–नीज खे0 954, बॉध प0–अर्जित खे0–962
5	427	955 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.070000	अनावाद बिहार सरकार	उ0–अर्जित खे0–956 द0–अर्जित खे0–954	पू0–नीज खे0 शेष प0–अर्जित खे0–961
6	418	956 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.060000	हरगौरी सिंह पिता– बैधनाथ सिंह,	उ0–अर्जित खे0–957 द0–अर्जित खे0–955	पू0–बाँध प0–अर्जित खे0–961
7	54	957 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.100000	श्यामलाल यादव उर्फ श्याम बिहारी यादव पिता– नकछेदी यादव	उ0–अर्जित खे0–958 द0–अर्जित खे0–956 वो 961	पू0–बाँध प0–अर्जित खे0–960
8	54	958 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.060000	लक्ष्मण पंडित वो भरत पंडित वो रामचन्द्र पंडित पिता– मेदनी पंडित,	उ0–बाँध द0–अर्जित खे0–957 वो 960	पू0–बाँध प0–अर्जित खे0–959
9	240	959 अंष	केवाला/ खतियान	कृषि	0.17996	बसंती देवी पति–अशोक साह, सा0–सनहोली	उ0–बाँध द0–अर्जित खे0–960	पू0–बाँध वो अर्जित खे0–958 प0–अर्जित खे0–960
10	54	960 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.210000	श्यामलाल यादव उर्फ श्याम बिहारी यादव पिता– नकछेदी यादव	उ0–अर्जित खे0–958 वो 959द0–अर्जित खे0–961	पू0–अर्जित खे0–955प0–अर्जित खे0–980
11	418	961 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.500000	हरगौरी सिंह पिता– बैधनाथ सिंह,	उ0–अर्जित खे0–960 वो 957 द0–अर्जित खे0–962 वो 954	पू0–अर्जित खे0–955 वो 956 प0–अर्जित खे0–980
12	38	962 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.464752	उमेश्वर सिंह पिता– बैधनाथ सिंह वो कलावती देवी पति– चक्रधर सिंह वो जयमालावती देवी पति– हरगौरी सिंह	उ0–अर्जित खे0–961 द0–अर्जित खे0–963 वो 953	पू0–अर्जित खे0–954 प0–अर्जित खे0–980
13	38	962 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.305680	नंदन साह वो सोहन साह पिता–स्व0 रामशरण साह, सा0–खोचरदेवा।		
14	38	962 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.131000	कबुतरी देवी पति– विष्णुदेव यादव, सा0–खोचरदेवा।		
15	38	962 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.208670	योगेन्द्र पंडित पिता– छंगुरी पंडित, सा0–खोचरदेवा।		
16	16	963 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.200000	रामपुकार भगत पिता– हाकिमचन्द भगत	उ0–अर्जित खे0–962 द0–अर्जित खे0–964	पू0–अर्जित खे0–953 प0–अर्जित खे0–980
17	16	963 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.198346	अमिर सिंह वो मनोहर सिंह पिता– दुखहरन सिंह, सा0–भोटिया		
18	140	964 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.170000	रामपुकार भगत पिता– हाकिमचन्द भगत सा0–खोचरदेवा।	उ0–अर्जित खे0–963 द0–अर्जित खे0–965	पू0–अर्जित खे0–953 प0–अर्जित खे0–980
19	287	965 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.316294	प्रिंस कुमार पिता– अर्जुन महतो वो बबीता देवी पति– श्री लाल कुमार महतो	उ0–अर्जित खे0–964 द0–अर्जित खे0–966	पू0–नीज खे0 965 प0–अर्जित खे0–980
20	115	966 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.157314	जर्नादन प्रसाद वो चन्दन प्रसाद सिंह वो सनिचर प्रसाद सिंह, पिता– बमभोली सिंह वो मुहसिया देवी पति – दशरथ सिंह वो बालेश्वर सिंह पिता– जमुना सिंह वो बिन्दीपति देवी पति–नागेश्वर सिंह, सा0– भोटिया	उ0–अर्जित खे0–965 द0–अर्जित खे0–967 वो 968	पू0–नीज खे0 966 प0–अर्जित खे0–980
21	115	966 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.08732	मन्टुन पासवान पिता– स्व0 रामसोगारत पासवान, सा0–धारी, धरही		
22	197	967 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.230000	बनारसी भगत वो इन्द्रदेव भगत पिता–डोमी भगत वो हकिमचन्द भगत वो राजाचन्द्र भगत पिता–नुनु भगत वो रामजी भगत वो भैयाजी भगत पिता–श्यामसुन्दर भगत वो चानतारा पति– बनी भगत वो गया देवी, दिया देवी वो फुलेश्वरी देवी पिता– आशीष भगत	उ0–अर्जित खे0–966, द0–अर्जित खे0–974	पू0–अर्जित खे0–968 वो 969 प0–अर्जित खे0–980
23	115	968 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.125035	अर्जुन महतो पिता–स्व0 जयनारायण महतो सा0–खोचरदेवा।	उ0–अर्जित खे0–966 द0–अर्जित खे0–969	पू0–नीज खे0 968 प0–अर्जित खे0–967
24	115	969 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.054363	जर्नादन प्रसाद वो चन्दन प्रसाद सिंह वो सनिचर प्रसाद सिंह, पिता– बमभोली सिंह वो मुहसिया देवी पति – दशरथ सिंह वो बालेश्वर सिंह पिता– जमुना सिंह वो बिन्दीपति देवी पति– नागेश्वर सिंह, सा0– भोटिया	उ0–अर्जित खे0–968 द0–अर्जित खे0–970	पू0–नीज खे0 969 प0–अर्जित खे0–967
25	115	970 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.023722	जर्नादन प्रसाद वो चन्दन प्रसाद सिंह वो सनिचर प्रसाद सिंह, पिता– बमभोली सिंह वो मुहसिया देवी पति – दशरथ सिंह वो बालेश्वर सिंह पिता– जमुना सिंह वो बिन्दीपति देवी पति– नागेश्वर सिंह, सा0– भोटिया	उ0–अर्जित खे0–969 द0–नीज खे0 970	पू0–नीज खे0 970 प0–अर्जित खे0–967
26	197	974 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.003956	राजाचन्द भगत पिता–नुनुबाबु भगत, सा0–खौचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–967 द0–नीज खे0 974	पू0–नीज खे0 974 प0–अर्जित खे0–980
27	197	974 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.055349	बनारसी भगत वो इन्द्रदेव भगत पिता–डोमी भगत वो हकिमचन्द भगत वो राजाचन्द्र भगत पिता–नुनु भगत वो रामजी भगत वो भैयाजी भगत पिता–श्यामसुन्दर भगत वो चानतारा पति– बनी भगत वो गया देवी, दिया देवी वो फुलेश्वरी देवी पिता– आशीष भगत		
28	428	980 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	3.840012	अनावाद सर्व साधारण	उ0–बाँध द0–अर्जित खे0–750	पू0–नीज खे0 980 प0–नीज खे0 980, ई0
29	197	1009 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.340016	बनारसी भगत वो इन्द्रदेव भगत पिता–डोमी भगत वो हकिमचन्द भगत वो राजाचन्द्र भगत पिता–नुनु भगत वो रामजी भगत वो भैयाजी भगत पिता–श्यामसुन्दर भगत वो चानतारा पति– बनी भगत वो गया देवी, दिया देवी वो फुलेश्वरी देवी वो गुणेश्वरी देवी, पिता– आशीष भगत	उ0–अर्जित खे0–1010 द0–नीज खे0 1009	पू0–अर्जित खे0–980 प0–नीज खे0 1009
30	115	1010 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.08732	मन्टुन पासवान पिता– स्व0 रामसोगारत पासवान, सा0–धारी, धरही	उ0–अर्जित खे0–1011 द0–अर्जित खे0–1009	पू0–अर्जित खे0–980 प0–नीज खे0 1010
31	115	1010 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.06292	जर्नादन प्रसाद वो चन्दन प्रसाद सिंह वो सनिचर प्रसाद सिंह, पिता– बमभोली सिंह वो मुहसिया देवी पति – दशरथ सिंह वो बालेश्वर सिंह पिता– जमुना सिंह वो बिन्दीपति देवी पति– नागेश्वर सिंह, सा0– भोटिया		
32	233	1011 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.150734	कृष्णदेव पासवान, पिता–स्व0 रामेश्वर पासवान सा0–खोचरदेवा।	उ0–अर्जित खे0–1012 द0–अर्जित खे0–1010	पू0–अर्जित खे0–980 प0–नीज खे0 1011
33	140	1012 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.184835	दायनी देवी, पिता–बबुआ प्रसाद सिंह, सा0–भोटिया	उ0–अर्जित खे0–1013 द0–अर्जित खे0–1012	पू0–अर्जित खे0–980 प0–नीज खे0 1012
34	141	1013 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.227999	दाहू पंडित, पिता–बहुरि पंडित, सा0–खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1014 द0–अर्जित खे0–1012	पू0–अर्जित खे0–980 प0–नीज खे0 1013
35	56	1014 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.083027	केशो प्रसाद भगत, पिता–हृदय नारायण भगत, सा0–खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1017 वो 1016 द0–अर्जित खे0–1013	पू0–अर्जित खे0–1015 प0–नीज खे0 1014
36	56	1015 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.025699	केशो प्रसाद भगत, पिता–हृदय नारायण भगत, सा0–खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1016 द0–अर्जित खे0–1013	पू0–अर्जित खे0–980 प0–अर्जित खे0–1013
37	56	1015 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.025699	श्री मन्दनी पंडित, पिता–स्व0–दाहो पंडित, सा0–खोचरदेवा		
38	349	1016 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.276758	रामविलश यादव व बलराम यादव, पिता–बहुरी यादव, सा0–खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1030 द0–अर्जित खे0–1015	पू0–अर्जित खे0–980 प0–अर्जित खे0–1017
39	36	1017 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.035583	श्री मन्दनी पंडित, पिता–स्व0–दाहो पंडित, सा0–खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1030 द0–अर्जित खे0–1014	पू0–अर्जित खे0–1016 प0–नीज खे0 1017
40	182	1029 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.155676	गजेन्द्र पासवान वो रामलोचन पासवान पिता–स्व0 महेन्द्रर पासवान वो क्राति देवी पति–स्व0 राजेन्द्र पासवान, सा0–खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1033 द0–अर्जित खे0–1030	पू0–अर्जित खे0–1032 प0–नीज खे0 1029, अर्जित खे0–1034
41	349	1030 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.177916	रामविलश यादव व बलराम यादव, पिता–बहुरी यादव, सा0–खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1029 वो 1031 द0–अर्जित खे0–1016	पू0–अर्जित खे0–980 प0–अर्जित खे0–1029
42	241	1031 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.103784	सीता देवी, पति–मदन पंडित सा0–खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1032 द0–अर्जित खे0–1030	पू0–अर्जित खे0–980 प0–अर्जित खे0–1032
43	242	1032 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.00782	ब्रह्मदेव सिंह व जनार्दन सिंह, पिता–किसुन प्रसाद सिंह	उ0–अर्जित खे0–1033 द0–अर्जित खे0–1030 वो 1031	पू0–अर्जित खे0–980 प0–अर्जित खे0–1029
44	242	1032 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.162480	महेश्वर प्रसाद, पिता–रामप्रसाद यादव व मो0–सकुन्ति देवी, पति–नकछेदी यादव		
45	374	1033 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.235244	संजय कुमार भगत पिता– राजाचन्द भगत सा0– खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1035 द0–अर्जित खे0–1029 वो 1032,	पू0–अर्जित खे0–980 प0–अर्जित खे0–1034
46	117	1034 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.022239	जयनारायण सिंह वो सहदेव सिंह वो अनंदी सिंह वो रामचन्द्र सिंह पिता– सुर्य नारायण सिंह	उ0–अर्जित खे0–1035 द0–अर्जित खे0–1029	पू0–अर्जित खे0–1029, 1033 प0–नीज खे0 1034
47	117	1034 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.02224	शोभा देवी पति– अर्जुन महतो वो बबीता देवी पति– लालकुमार महतो		
48	68	1035 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.25792	जयराम पडित पिता– बहादुर पंडित	उ0–अर्जित खे0–1041 द0–अर्जित खे0–1033 ई0	पू0–अर्जित खे0–980 प0–नीज खे0 1035
49	68	1035 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.08500	देवकी देवी पति–राजाचन्द भगत सा0– खोचरदेवा		
50	68	1035 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.25096	विश्वनाथ भगत पिता– राजाचन्द्र भगत सा0 खोचरदेवा		
51	258	1040 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.269999	विश्वनाथ भगत वो शंकर भगत पिता– राजाचन्द्र भगत सा0 खोचरदेवा	उ0–अर्जित खे0–1046 द0–नीज खे0 1040 ई0	पू0–अर्जित खे0–1043 ईत्यादी प0–नीज खे0 1040
52	68	1041 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.474442	विश्वनाथ भगत वो शंकर भगत वो संजय भगत पिता– राजाचन्द्र भगत सा0 खोचरदेवा	उ0– अर्जित खेसरा 1042 द0– अर्जित खेसरा 1035	पू0– अर्जित खेसरा 980 प0–अर्जित खेसरा 1040, नीज खे0 1041
53	121	1042 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.13000	राजदीप शर्मा पिता– निर्धन शर्मा	उ0–अर्जित खेसरा 1043 द0–अर्जित खेसरा 1041	पू0–अर्जित खेसरा 980 प0–अर्जित खेसरा 1040
54	121	1042 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.04000	जियालाल मुसहर पिता– मोहिया मुसहर वो मांगेन मुसहर पिता– लच्छु मुसहर		
55	121	1042 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.146294	सिता देवी पति– श्री राम महतो वो शिरोमणी देवी पति– जयनारायण महतो सा0– खोचरदेवा		
56	66	1043 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.097221	गांगो साह पिता– धुथर साह वो गैना साह पिता–दुलाचन्द साह	उ0–अर्जित खेसरा 1044 द0–अर्जित खेसरा 1042	पू0–अर्जित खेसरा 1057 प0–अर्जित खेसरा 1040
57	66	1043 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.09633	डोमी सादा पिता– जियालाल मुसहर		
58	66	1043 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.04367	सिता देवी पति– श्री राम महतो वो शिरोमणी देवी पति– जयनारायण महतो सा0– खोचरदेवा		
59	66	1044 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.07000	गांगो साह पिता– धुथर साह वो गैना साह पिता–दुलाचन्द साह	उ0–अर्जित खेसरा 1045 द0–अर्जित खेसरा 1043	पू0–अर्जित खेसरा 1057 प0–अर्जित खेसरा 1040
60	66	1044 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.103962	प्रभु साह पिता– धनिक साह वो पुनम देवी पति– शंकर साह सा0– खोचरदेवा		
61	245	1045 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.361268	भरत सिंह पिता– महावीर सिंह	उ0–अर्जित खेसरा 1046 द0–अर्जित खेसरा 1044	पू0–अर्जित खेसरा 1057 प0–अर्जित खेसरा 1040
62	427	1046 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.098842	अनावाद बिहार सरकार	उ0–अर्जित खेसरा 1047, 1051 द0–अर्जित खेसरा 1040, 1045	पू0–अर्जित खेसरा 1057 प0–नीज खे0 1046
63	73	1047 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.081545	गैना साह पिता– डोमन साह	उ0–अर्जित खेसरा 1051 द0–अर्जित खेसरा 1046	पू0–अर्जित खेसरा 1057 प0–1051, नीज खे0 1047
64	41	1051 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.296526	विश्वनाथ भगत वो शंकर भगत वो संजय भगत पिता– राजाचन्द्र भगत सा0 खोचरदेवा	उ0–अर्जित खेसरा 1057 द0–अर्जित खेसरा 1047, 1046	पू0–अर्जित खेसरा 1057 प0– नीज खे0 1051
65	290	1067 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.007907	कृष्णदेव पासवान, पिता–स्व0 रामेश्वर पासवान	उ0–अर्जित खेसरा 1069 द0–अर्जित खेसरा 1067	पू0–अर्जित खेसरा 1068 प0– नीज खे0 1067
66	258	1068 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.09000	नूनूदाय देवी पति–महेन्द्र पासवान वो गजेन्द्र पासवान पिता–स्व0 महेन्द्र पासवान	उ0–अर्जित खेसरा 1069 द0– 1057	पू0– 1085 प0– 1067 वो नीज खे0 1068
67	258	1068 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.09000	लखन यादव पिता–रामचन्द्र यादव		
68	258	1068 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.04266	प्रभात कुमार रंजन पिता–बनारसी वो अरूण कुमार वो मनोज कुमार वो संतोष कुमार पिता–कामेश्वर पोद्दार		
69	258	1068 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.07734	आशा देवी पति– अरूण कुमार वो रानी पोद्दार वो अनुराधा देवी पति– संतोष पोद्दार		
70	175	1069 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.049421	परमेश्वर वो छत्तर वो शिवनंदन पिता– सरयुग पासवान वो दरपलाल पासवान वो पालो पासवान पिता–स्व0 छतर पासवान, सा0– खोचरदेवा	उ0–अर्जित खेसरा 1070 द0–अर्जित खेसरा 1068	पू0–अर्जित खेसरा 1068 प0– नीज खे0 1069
71	258	1070 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.124541	सुभद्रा देवी पति– फुलचन्द प्रसाद गुप्ता सा0– खोचरदेवा	उ0–अर्जित खेसरा 1071, 1072 द0–अर्जित खेसरा 1069	पू0–अर्जित खेसरा 1085, 1068 प0– नीज खे0 1070
72	103	1071 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.069189	छठठु शर्मा वो लक्ष्मी शर्मा वो चौथी शर्मा वो बुधन शर्मा पिता– राम शर्मा वो रामोतार शर्मा पिता– चुन्नी शर्मा वो लालमोहर शर्मा वो असाभ शर्मा पिता– कनक शर्मा सा0– खोचरदेवा	उ0–अर्जित खेसरा 1076 द0–अर्जित खेसरा 1070	पू0–अर्जित खेसरा 1085 प0–अर्जित खेसरा 1072
73	103	1072 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.027676	रामेश्वर पासवान पिता– जगरू पासवान	उ0–अर्जित खेसरा 1076 द0–अर्जित खेसरा 1070	पू0–अर्जित खेसरा 1071 प0– नीज खे0 1072
74	258	1076 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.029215	असर्फी पासवान वो दुलाचन्द पासवान वो पृथ्वी पासवान पिता– नंदलाल पासवान	उ0–अर्जित खेसरा 1077 द0–अर्जित खेसरा 1071	पू0–अर्जित खेसरा 1085 प0– नीज खे0 1076
75	258	1076 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.06765	श्री राजाचन्द भगत वो हाकिमचन्द भगत पिता–नुनुलाल भगत		
76	247	1077 अंश	केवाल/ खतियान	कृषि	0.222395	1. श्री राजाचन्द्र भगत पिता–नुनुलाल भगत 2. लीला देवी पति– युगेश्वर यादव	उ0–अर्जित खेसरा 1079 द0–अर्जित खेसरा 1076	पू0–अर्जित खेसरा 1085 प0– नीज खे0 1077
77	129	1079 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.148263	लीला देवी पति– युगेश्वर यादव	उ0–अर्जित खेसरा 1084, 1083 द0–अर्जित खेसरा 1077	पू0–अर्जित खेसरा 1085 प0– नीज खे0 1079
78	8	1083 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.042170	टुनटुन यादव पिता– स्व0 मंगल यादव	उ0–सीमा भवदेवा द0–अर्जित खेसरा 1079	पू0–अर्जित खेसरा 1084 प0– नीज खे0 1083
79	8	1083 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.042170	हीरा देवी पति– सिकन्दर भगत सा0– खोचरदेवा		
80	8	1083 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.042170	श्यामलाल यादव उर्फ श्याम बिहारी यादव पिता– नकछेदी यादव		
81	8	1084 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.04694	हीरा देवी पति– सिकन्दर भगत सा0– खोचरदेवा	उ0–सीमा भवदेवा द0–अर्जित खेसरा 1079	पू0–अर्जित खेसरा 1085 प0– अर्जित खेसरा 1083
82	8	1084 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.04750	टुनटुन यादव पिता– स्व0 मंगल यादव		
83	8	1084 पूर्ण	केवाला/ खतियान	कृषि	0.063707	अंजू देवी पति–धनंजय कुमार, सा0–धनपुरा		
84	475	1085 अंश	केवाला/ खतियान	कृषि	0.969986	अनावाद बिहार सरकार	उ0–सीमा भवदेवा द0–अर्जित खेसरा 1057	पू0–1093 इत्यादी प0– 1077 इत्यादी
कुल योग :–					20.251309			

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
सहरसा।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.014534 (Revenue) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।